Udaya Public School, Ayodhya
Summative Assessment – 2 [2022-23]
Class – IV [Hindi]

Time: **M.M. 100**

नोट– समस्त प्रश्न अनिवार्य है। लिखावट की स्वच्छता और वर्तनी की शुद्धता का ध्यान रखें।

खण्ड क

1. पाठांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 10

मासिनराम से लगभग 10 मील पूर्व में स्थित है चेरापूँजी। स्थानीय लोग चेरापूँजी को सोहरा नाम से जानते है। यह दुनिया की दूसरी सबसे नमी वाली जगह है। यहाँ औसतन बारिश मासिनराम से लगभग 100मिलीमीटर कम होती है। दुनिया भर में सबसे ज्यादा बारिश वाली ये दोनों जगहें मेघालय में मौजूद है। इसलिए इसे बरसाती बूँदों का घर कहना गलत न होगा। ये पूरा इलाका हमेशा बादलों से घिरा रहता है। खासी हिल्स में स्थित चेरापूँजी में घुसते ही बादल आपके वाहन में घुस आते हैं, झम–झम करती बारिश और बारिश की वजह से चारों ओर तिलस्मसी छाई धुंध मन मोह लेती है। चेरापूँजी समुद्र तल से लगभग 4000 फुट की ऊँचाई पर है। आंकड़ो की अगर बात करें, तो आजकल चेरापूँजी में साल में औसतन 180 दिन बारिश होती हे। लेकिन जून से लेकर सितम्बर महीने तक जोरों की बारिश होती है।

क– चेरापूँजी में मासिनराम से कितनी मिलीमीटर बारिश कम होती है?
ख– चेरापूँजी में कब–से–कब तक जोर से बारिश होती है?
ग– चेरापूँजी समुद्र तल से कितनी ऊँचाई पर है?
घ– चेरापूँजी किसके पूर्व में स्थित है?
ङ– दुनिया भर में सबसे ज्यादा बारिश वाली दो जगहों के नाम लिखिए।

2. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखो– 10

हुक्म, टका, कुटिया, सेर, उपवन, डेरा, पेशी, सेंध, भाजी, ताक

3. दिए गए शब्दों में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। 5

कदंब, पत्तों, मुन्नाराज, बाँसुरी, यमुना

क– यह .... का पेड़ अगर माँ होता .... तीरे।
ख– .... में छिपकर धीरे से फिर .... बजाता।
ग– अपने .... को गोदी में ही पाती।

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 21

क– बूढ़ी लोमड़ी जंगल में क्यों प्रसिद्ध थी?
ख– बालक क्या लेना चाहता है?
ग– गोबरधन को किसने और कैसे बचाया?
घ– राजा ने चोर को रिहा करके किसे दंड दिया?
ङ– अंधेर नगरी में गुरू जी ने कैसे राजा का शासन बताया?
च– मेघालय भारत के किस हिस्से में बसा है?
छ– निरा मूर्ख और अव्वल दर्जे का लालची कौन था?

5. अपनी पाठ्य पुस्तक से पाँच लाइन की कोई कविता लिखो। 4

खण्ड ख

6. वाक्यों में किया शब्द को रेंखांकित करके उनकी धातु लिखिए– 10

क– मछली नदी में तैरती है। ख– वह नीली पतंग उड़ाता है।
ग– वह खाना खाएगा। घ– लता ने कविता सुनी।
ङ– सारी चिड़ियाँ उड़ गई थीं।

7. विराम चिह्नों को पहचानकर उनके नाम लिखो– 5

क– ? ख– , ग– ! घ– ; ङ– ^

8. निम्नलिखित शब्दों का विलोम शब्द लिखो– 10

बाहर, गुण, नए, निकट, खुश, सत्य, ज्ञान, सफल, नवीन, शिक्षित

9. नीचे दिए गए शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए– 10

पिता, मित्र, घर, धरती, आकाश

10. दिए गए वाक्यांशों के लिए सही मुहावरा लिखिए– 10

घबरा जाना, बहुत प्यारा होना, कठिन कार्य, हार मान लेना, एक मात्र सहारा

11. किसी पर्यटन स्थल की यात्रा या पिकनिक से जुड़ा अपना कोई अनुभव पत्र लिखकर अपने प्रियजन को बताइए। 5